हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, रविवार 26 अप्रैल 2026

11 मच्छरों से बचाव ही मलेरिया रोकने का सबसे असरदार तरीकाः डॉ. गर्ग



12 बदहाली की कगार पर मिड-डे मील योजना...



# गर्मी का अटैक : डिहाइड्रेशन के मरीज 40 प्रतिशत बढ़े, स्कूलों में 10 बजे के बाद एक्टिविटी बंद, अगले हफ्ते आंधी-बादल के संकेत

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में गर्मी अब 'खतरे के जोन' में पहुंच गई है। पारा 42 डिग्री पार करते ही दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा छा रहा है, जबकि शाम को पार्कों में भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को चली गर्म हवाओं ने हालात और बिगाड़ दिए। रातें भी तपने लगी हैं, न्यूनतम तापमान 28 डिग्री तक पहुंच गया है, यानी राहत कहीं नहीं। मौसम विभाग ने 26 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादलवाई, बूंदाबांदी व अंधड़ की चेतावनी दी है। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव 28 व 29 अप्रैल तक रहेगा। इस दौरान तेज आंधी के अलावा प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज बारिश की भी संभावना जताई गई है। इस बार गर्मी ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। दरअसल, मार्च व अप्रैल का महीनो मौसम के लिहाज से सामान्य नहीं कहा जा सकता। सिविल अस्पताल की ओपीडी में डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। डीईओ संगीता बिश्नोई ने आदेश जारी किए हैं कि सुबह 10 बजे के बाद स्कूलों में कोई एक्टिविटी नहीं होगी। गेहूं की फसल को सही सलामत मंडियों तक पहुंच गई लेकिन आम जनमानस गर्मी की मार नहीं सह पा रहा। गर्मी का सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों व बुजुर्गों पर पड़ रहा है। पिछले 10 सालों का गर्मी का रिकार्ड देखा जाए तो ऐसा मौसम जून महीने में ही आता है। लोग यह सोचकर ही कांप जाते हैं किअगर अप्रैल में यह हाल है तो लगातार 100 दिन कैसे भीषण गर्मी के कटेंगे।

## पारा 42 डिग्री पार, सड़कों पर सन्नाटा, गर्म हवाओं ने बिगाड़े हालात

### अगले हफ्ते बदलेगा मौसम का मिजाज, लेकिन राहत अस्थायी

मौसम विभाग के मुताबिक इस हफ्ते गर्मी से राहत नहीं मिलेगी और पारा 42 के आसपास ही रहेगा। हालांकि अगले हफ्ते एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है, जिससे तेज हवाएं, आंधी और बादल छाने की संभावना है। इससे तापमान में हल्की गिरावट आ सकती है, लेकिन यह राहत ज्यादा दिन टिकने वाली नहीं, इसके बाद फिर हीटवेव का दौर लौट सकता है।







फतेहाबाद। नागरिक अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़ व स्कूल में पढ़ाई करते बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

### अस्पतालों में भीड़, चक्कर, सिरदर्द, ज्यादा प्यास और कमजोरी की शिकायत लेकर पहुंच रहे मरीज

गर्मी का सीधा असर सेहत पर दिख रहा है। सिविल अस्पताल की ओपीडी में डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। चक्कर, सिरदर्द, ज्यादा प्यास और कमजोरी की शिकायत लेकर रोज मरीज पहुंच रहे हैं। सबसे ज्यादा असर महिलाओं और बच्चों पर दिख रहा है।

### शिक्षा विभाग ने दिखाई सख्ती, दिए निर्देश

हालात को देखते हुए शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाई है। डीईओ संगीता बिश्नोई ने आदेश जारी किए हैं कि सुबह 10 बजे के बाद स्कूलों में कोई एक्टिविटी नहीं होगी। बच्चों को बार-बार पानी पिलाने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही कक्षाओं को गर्म हवाओं से बचाने के लिए खिड़की, रोशनदान बंद रखने को कहा गया है।

### अस्पताल में इंतजाम, एक्सपर्ट डॉक्टर तैनात

सिविल अस्पताल प्रशासन ने बढ़ते मरीजों को देखते हुए तैयारी तेज कर दी है। एसएमओ डॉ. बुधराम के अनुसार डिहाइड्रेशन के इलाज के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर लगाए गए हैं। अस्पताल में बैठने, पानी और बिजली की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है, ताकि मरीजों को दिक्कत न हो।

## खबर संक्षेप

### एक किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस के अभियान को उस समय बड़ी सफलता मिली, जब सीआईए की टीम ने एक किलो से अधिक अफीम सहित एक युवक को रंगे हाथों काबू किया। आरोपी की पहचान फतेहाबाद की अग्रसैन कॉलोनी निवासी शमशेर अली के रूप में हुई है। सीआईए फतेहाबाद के प्रभारी वेदपाल ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान पुराना बस अड्डा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### 10 किलो डोडा पोस्त समेत पंजाब का तस्कर पकड़ा

**फतेहाबाद।** सीआईए की टीम ने नए बस अड्डे के पास से पंजाब के एक तस्कर को भारी मात्रा में डोडा पोस्त के साथ काबू किया है। सीआईए प्रभारी उप-निरीक्षक वेदपाल ने बताया कि पुलिस टीम मताना मोड़ पर गश्त पर थी, तभी सूचना मिली कि एक व्यक्ति नशीले पदार्थ की बड़ी खेप लेकर पंजाब जाने की फिराक में नए बस अड्डे के पास खड़ा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया।

### गांजा तस्करी मामले में मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ जारी विशेष अभियान के तहत भूना पुलिस ने गांजा तस्करी के मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अशोक नगर निवासी सागर उर्फ घघेरु के रूप में हुई है।

### पुलिस ने हेरोइन सहित दो आरोपी किए काबू

**सिरसा।** पुलिस ने गांव हांडीखेड़ा क्षेत्र से कार सवार दो व्यक्तियों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव हांडीखेड़ा की तरफ जा रही थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी जब गांव हांडीखेड़ा के नजदीक पंहुची तो सामने से कार आती दिखाई दी जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। शक के आधार पर पुलिस ने युवकों की तलाशी ली।

## हाउसिंग बोर्ड ई-नीलामी के लिए दर्जनों बार निकाल चुका है विज्ञापन

# खरीदार न मिलने से खंडहर होने लगे करोड़ो रुपये के हाउसिंग बोर्ड के फ्लैट्स

सुरेन्द्र असीजा ⏭फतेहाबाद

हिसार रोड पर सैक्टर 8 के बिलकुल पीछे हाउसिंग बोर्ड द्वारा एक दशक पहले बनाए गए फ्लैटों का आकार छोटा होने के कारण इसे कोई भी लेने को तैयार नहीं। लंबे समय से रख-रखाव के अभाव में ये फ्लैट अब जर्जर अवस्था में है। कुल 257 फ्लैटों में से मात्र 4 फ्लैटों में ही लोग रह रहे हैं। शुरू में यह फ्लैट बीपीएल के लिए बनाए गए थे लेकिन जरूरतमंदों द्वारा इन्हें लेने में कोई रूचि न दिखाने पर हाउसिंग बोर्ड ने इन्हें ई-नीलामी के द्वारा बेचने के काफी प्रयास किए लेकिन एक भी खरीददार नहीं आया। हालांकि शुरू में इसकी कीमत करीब साढ़े 5 लाख रुपये बताई गई थी। फ्लैट्स के यह दाम उस समय के है जब यहां प्रति गज 10 हजार रुपये कीमत थी। आज यहां कीमत 50 हजार गज के करीब पहुंच चुकी है। मानें तो करोड़ों की कीमत के फ्लैट 'बेकार' पड़े हुए हैं। अब हालात यह है कि इसमें न शासन, न प्रशासन कोई भी इसमें दिलचस्पी नहीं ले रहा।

**फ्लैटों का आकार छोटा होने के कारण कोई खरीदने को राजी नहीं**



फतेहाबाद। हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाए गए फ्लैट। *फोटो : हरिभूमि*

### 1587 लोगों ने फ्लैट के लिए किया आवेदन

सरकार ने शहरी आवास योजना का नाम बदलकर प्रधानमंत्री आवास योजना का नाम दे दिया। योजना के तहत नगरपरिषद व नगरपालिका में कैंप लगावाए गए थे। ऐसे लोगों को चयनित किया गया जिनके पास ना तो घर है और ना ही खुद की जमीन है। ऐसे में वो ही फार्म अप्लाई कर सकते थे। फतेहाबाद, रतिया, टोहाना व भूना से 1587 लोगों ने फ्लैट लेने के लिए आवेदन किया। आवेदन के बाद इन लोगों को कहा गया था कि आपको विकास न्यू टाउनशिप के पीछे हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित एक फ्लैट दिया जाएगा, जिसमें दो कमरे, रसोई, बाथरूम आदि की सुविधा होगी। जिसकी कीमत करीब साढ़े पांच लाख रुपये है। ढाई लाख रुपये की सब्सिडी वापस भी आ जाएगी। ऐसे में इन लोगों को यह फ्लैट तीन लाख रुपये में 30 मीटर स्केवेयर का मिलना था। फतेहाबाद के 45 व रतिया के 4 आवेदकों ने 55 हजार रुपये नगरपरिषद द्वारा बताए गए खाते में डाल दिए।

### आवेदन और जमा राशि का हाल

| | |
|---|---|
| हाउसिंग बोर्ड ने कितने बनवाए फ्लैट | : 257 |
| कब लगा था कैंप | : 2018-19 |
| कितने लोगों ने किया आवेदन | : 1587 |
| कितने लोगों ने रुपये भरे | : 49 |
| प्रत्येक उम्मीदवार से यह ली गई राशि | : 55 हजार |
| फतेहाबाद नगरपरिषद से इन लोगों ने भरे रुपये | : 45 |
| रतिया से इन लोगों ने जमा करवाई राशि | : 4 |
| कितने रुपये में मिलना था फ्लैट | : 5.50 लाख |
| सरकार द्वारा कितने मिलनी थी सब्सिडी | : 2.50 लाख |

### 13 साल पूर्व हाउसिंग बोर्ड ने बनाए थे फ्लैट

13 साल पूर्व हाउसिंग बोर्ड ने यह फ्लैट बनाए थे। शुरू में सरकार की योजना थी कि इसे जरूरतमंद, बेघर, बीपीएल परिवार को आवंटित किया जाएगा। बीपीएल के आवेदन न आने पर सरकार ने इसे प्रधानमंत्री आवास योजना का नाम दे दिया। सरकार की यह योजना भी फेल हुई।शुरू में 4-5 लोगों ने फ्लैट में रूचि दिखाई बाद में हाउसिंग बोर्ड ने ई-नीलामी के नाम पर दर्जनों बार अखबार में विज्ञापन दिए, इसका रिजर्व प्राइज भी साढ़े 5 लाख रखा लेकिन फ्लैटों का साइज इतना छोटा है कि इन्हें कोई भी लेने को तैयार नहीं।

### विकास न्यू टाउन के पीछे बने हैं फ्लैट

हिसार रोड पर नव विकसित कालोनी विकास न्यू टाउन के पीछे हाउसिंग बोर्ड ने गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए 257 फ्लैट बनाए थे। करीब पांच साल पहले जिले के 49 लोगों ने 55 हजार रुपये की राशि भी जमा करवा दी थी। लेकिन उसके बाद लोगों को फ्लैट देने के लिए ड्रा तक नहीं निकाले गए।

## लाखों की साइबर ठगी के दो आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

- खैरपुर कॉलोनी की एक महिला से की थी 2.89 लाख की ठगी
- शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के जरिए भारी मुनाफा कमाने का दिया लालच

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को राजस्थान के जयपुर जिले से काबू किया गया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि खैरपुर कॉलोनी सिरसा निवासी एक महिला के साथ करीब 2 लाख 89 हजार रुपये की साइबर ठगी की गई थी। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि बीती 26 दिसंबर 2025 को उसके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से एक लिंक प्राप्त हुआ। जैसे ही उसने उस लिंक पर क्लिक किया, वह टेलीग्राम ऐप से जुड़ गई, जहां उसे शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के जरिए भारी मुनाफा कमाने के आकर्षक संदेश दिखाए गए।

साइबर ठगों ने महिला को अपने जाल में फंसाने के लिए शुरू में उसके द्वारा निवेश की गई छोटी राशि पर नकली मुनाफा दिखाया और कुछ पैसे उसके खाते में वापस भी भेजे। इससे महिला का विश्वास बढ़ गया और उसने अधिक लाभ के लालच में आकर धीरे-धीरे कुल 2 लाख 89 हजार रुपए निवेश कर दिए। जब उसने अपनी पूरी राशि निकालने का प्रयास किया तो संबंधित लिंक बंद हो चुका था और उसे ठगी का अहसास हुआ।



सिरसा। साइबर ठगी के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। *फोटो : हरिभूमि*

### सूचना के आधार पर कार्रवाई

पीड़िता की शिकायत के आधार पर बीती 20 मार्च को साइबर थाना सिरसा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त दो आरोपियों कमल निवासी गांव मारवा जिला जयपुर तथा राकेश निवासी टयोढ जिला अजमेर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें और टेलीग्राम या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निवेश संबंधी लालच देने वाले संदेशों से सावधान रहें।

## 30 तक स्व-गणना में बनें भागीदार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

भारत सरकार की ओर से चल रही जनगणना प्रक्रिया के तहत स्व गणना का कार्य जिला फतेहाबाद में आमजन द्वारा उत्साह पूर्वक किया जा रहा है। जिला में जहां नागरिक स्वेच्छा से स्व गणना प्रक्रिया में सहभागी बन रहे हैं वहीं शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत, शहरी निकाय विभाग के माध्यम से जागरूकता लाते हुए लोगों को इस अभियान में 30 अप्रैल तक भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डीसी डॉ. विवेक भारती के मार्गदर्शन में स्व-गणना क्रिया को आमजन के लिए सरल, पारदर्शी और सुलभ बनाने के उद्देश्य से एक विस्तृत फ्लो चार्ट जिला प्रशासन द्वारा जारी किया गया है। इस चार्ट के माध्यम से नागरिकों को ऑनलाइन पोर्टल के जरिए अपने परिवार की जनगणना, सत्यापन और अंतिम प्रमाणिकरण की पूरी प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से समझाई गई है।

### स्व-गणना फ्लो चार्ट को करें फोलो : सीटीएम

जनगणना के नोडल अधिकारी एवं सीटीएम गौरव गुप्ता ने बताया कि पोर्टल में प्रवेश एवं प्रारंभिक पंजीकरण नागरिक पोर्टल पर जाकर लॉगिन करें। उसके बाद राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का चयन कर कैप्चा कोड दर्ज करें। परिवार के मुखिया का नाम, 10 अंकों का मोबाइल नंबर और ई-मेल दर्ज करें। ध्यान रहे, एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही परिवार पंजीकृत किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सत्यापन एवं स्थान की पहचान अपनी पसंदीदा भाषा का चयन करें, बाद में बदली नहीं जा सकती,। पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करें और अपने निवास स्थान का पूरा विवरण भरने के साथ मानचित्र पर अपने घर की सटीक लोकेशन चिन्हित करें।

### बुजुर्ग पिता की हत्या करने पर बेटा गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने जिले के गांव किशनपुरा में शराब के नशे में बुजुर्ग पिता की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बेटा हत्या करने के बाद मौके से फरार हो गया था। ऐलनाबाद थाना प्रभारी प्रगट सिंह ने शनिवार को बताया कि मृतक संतलाल की बेटी अलका रानी ने गुरुवार रात्रि उसके चचेरे भाई का फोन आया कि उसके देशराज ने शराब के नशे में लड़ाई झगड़ा कर तुम्हारे पिता संतलाल की चाकू से गोदकर हत्या कर दी है। हत्या की सूचना मिलते ही वह अपने परिवार सहित गांव किशनपुरा में पहुंची और उसे पता चला कि उसके पिता को ऐलनाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

## सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी

- दूसरे दिन हाथों में उल्टी झाड़ू लेकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा सरकार की बेरुखी और लंबित मांगों को पूरा न किए जाने से नाराज नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर सफाई कर्मचारियों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को लगातार दूसरे दिन भी सैंकड़ों की संख्या में कर्मचारी सडक़ों पर उतरे और हाथों में उल्टी झाड़ू लेकर शहर भर में जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता संघ के इकाई प्रधान नरेश राणा ने की, जबकि मंच का संचालन सचिव ओमप्रकाश लोट द्वारा किया गया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए इकाई प्रधान नरेश राणा ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने 24 नवंबर 2024 को जींद की रैली में वेतन वृद्धि की सार्वजनिक घोषणा की थी, लेकिन अफसोस की बात है कि आज तक वह वादा धरातल पर नहीं उतरा है।



फतेहाबाद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते नगर परिषद कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

## नप में रिश्वत कांड के आरोपी कर्मी को फिर से बहाल करने की तैयारी

### हिमांशु अरोड़ा की पुनर्नियुक्ति पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद में नगर परिषद से जुड़ा एक कथित रिश्वत प्रकरण एक बार फिर चर्चा में आ गया है। आईटीआई एक्टिविस्ट राधेश्याम सोनी ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम और शहरी स्थानीय निकाय विभाग को भेजी शिकायत में गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नगर परिषद फतेहाबाद में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत रहे हिमांशु अरोड़ा का नाम रिश्वत मामले में सामने आया था। बताया जा रहा है कि इस मामले में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था और वे करीब 40 दिन तक जेल में रहे। एक्टिविस्ट का आरोप है कि इसके बावजूद अब तक संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कोई स्पष्ट विभागीय कार्रवाई जैसे निलंबन, चार्जशीट या अनुशासनात्मक कदम सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं। सबसे अहम बात यह सामने आई है कि जिला नगर आयुक्त द्वारा तीन अधिकारियों की एक कमेटी गठित कर मामले की रिपोर्ट ली गई है। सूत्रों ने दावा किया गया है कि इस रिपोर्ट के आधार पर हिमांशु अरोड़ा को दोबारा सेवा में लेने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने मांग की है कि कर्मचारी की वर्तमान स्थिति स्पष्ट की जाए, विभागीय कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक की जाए।

## चेयरपर्सन बोली : कुछ गलत नहीं किया, बीडीपीओ से कई सरपंच नाराज

*सीएम को भेजी शिकायत, सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप*

# चेयरपर्सन ने सरकारी पैसे से लगवाए धर्म-स्थलों पर शेड, डीसी से की गई कार्रवाई की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद पंचायत समिति की बीजेपी चेयरपर्सन पर सार्वजनिक धन के कथित दुरुपयोग को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। चेयरपर्सन के खिलाफ मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पंचायत समिति/ब्लॉक डेवलपमेंट फंड और डी-प्लान फंड का इस्तेमाल गांवों में मंदिरों व गुरुद्वारों पर आयरन शेड बनाने के लिए किया गया। इसे नियमों के खिलाफ बताते हुए बीडीपीओ ने जांच के बाद डीसी को चेयरपर्सन पर कार्रवाई के लिए अनुशंसा की है। सीएम विंडो पर दी गई शिकायत में पंचायत समिति के सदस्य अमनदीप ने आरोप लगाया कि सरकारी धन का उपयोग केवल सार्वजनिक और सामुदायिक कार्यों के लिए होना चाहिए, लेकिन यहां विशेष धार्मिक स्थलों को लाभ पहुंचाया गया। शिकायत में गांव बरसीन, भोडियाखेड़ा, करनोली, दरियापुर, काताखेड़ी और भिरडाना में इस तरह के कार्य होने का जिक्र किया गया है। शिकायत में इसे संविधान के अनुच्छेद 14 और 27 का उल्लंघन बताते हुए सार्वजनिक कोष के दुरुपयोग का मामला करार दिया गया है।




फतेहाबाद। गांव भिरडाना के राधाकृष्ण मंदिर में पंचायत समिति द्वारा बनाया गया शेड।

### नियमानुसार हुआ काम : चेयरपर्सन

इस संबंध में चेयरपर्सन पूजा बरसीन का कहना है कि मंदिर या अन्य धार्मिक स्थल पंचायत की जगह पर ही बने होते हैं, इसलिए हमने शेड बनवाए हैं। हम कहीं गलत नहीं है। बीडीपीओ ने डीसी को क्या रिपोर्ट दी है, इस पर हमें कुछ नहीं कहना। बीडीपीओ कार्यशैली से कोई खुश नहीं है। कई सरपंच भी नाराज हैं।

### नियमानुसार नहीं करवा सकते शेड निर्माण : बीडीपीओ

बीडीपीओ भजनलाल का कहना है कि सीएम विंडो में शिकायत आई थी। उस आधार पर जांच करवाई गई। नियमानुसार धार्मिक स्थलों पर पंचायत समिति के फंड से शेड निर्माण नहीं करवाया जा सकता है।

### जांच की मांग

शिकायत में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि बरसीन, भोडियाखेड़ा, करनोली, दरियापुर, काताखेड़ी और भिरडाना गांवों में मंदिरों और गुरुद्वारों पर आयरन शेड बनाए गए। यह कार्य सरकारी फंड से होने का आरोप है, जिससे प्रशासनिक पारदर्शिता और नियमों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले को गंभीर बताते हुए शिकायतकर्ता ने उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों और पंचायत समिति से जुड़े जिम्मेदार लोगों पर विभागीय कार्रवाई करने की मांग की।

## विश्व मलेरिया दिवस पर विभिन्न स्थानों से निकाली जागरूकता रैली

# मच्छरों से बचाव ही मलेरिया रोकने का सबसे असरदार तरीकाः डॉ. गर्ग

*उप सिविल सर्जन डॉ. अभिषेक गर्ग ने लक्षण और बचाव उपाय बताए*

**खास बातें**

- मरीजों और परिजनों को अस्पताल में सुविधाओं की जानकारी दी
- घरों और आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की ओर से नागरिक अस्पताल में विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस दौरान अस्पताल परिसर में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को मलेरिया के लक्षण, बचाव के उपाय और सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। उप सिविल सर्जन डॉ. अभिषेक गर्ग ने बताया कि मलेरिया गंदे और ठहरे हुए पानी में पनपने वाले मच्छरों के कारण फैलता है, इसलिए इसके रोकथाम के लिए साफ-सफाई सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोग अपने घरों और आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें, क्योंकि यही मच्छरों के पनपने का सबसे बड़ा कारण है।



ओढ़ां। जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

### विद्यार्थियों ने घर- घर जाकर लोगों को किया जागरूक

ओढ़ां। विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य विभाग हरियाणा सरकार के तत्वाधान में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओढ़ा में एक जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर स्कूल चिकित्सालय, ओढ़ा से सुपरवाइजर जितेंद्र सिंह विशेष रूप से मौजूद थे। उन्होंने विद्यार्थियों को मलेरिया रोग के प्रसार के कारणों व बचाव के तरीकों पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए मादा एनोफिलिज मच्छर के काटने से फैलने वाले इस परजीवी रोग के बारे में जागरूक किया। इस दौरान रमेश कुमार प्रवक्ता शारीरिक शिक्षक ने विद्यार्थियों को बताया कि इस मौसम में मच्छरों को भगाने वाली क्रीम का प्रयोग करें और लक्षण दिखने पर डॉक्टर की सलाह लें और ब्लड टेस्ट अवश्य करवाएं। इस अवसर पर एक जागरूकता रैली निकाली गई जिसे प्रिाचार्य विक्रमजीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में शामिल विद्यार्थियों ने घर घर जाकर लोगों को मलेरिया रोग के बारे में जागरूक किया। इस दौरान कक्षा 1 से 11 तक के विद्यार्थियों द्वारा निबंध लेखन का कार्य किया। इस अवसर पर सुमित कुमार, सरिता रानी, सुमनलता, सवीना रानी, सुमन लता, जोगेंद्र सिंह, जगतीत सिंह, बूटा सिंह, मांगे राम, जगराज सिंह आदि मौजूद थे।

### टंकियों को हमेशा ढककर रखें

उन्होंने कहा कि घर की पानी की टंकियों को हमेशा ढककर रखें और सप्ताह में कम से कम एक बार कूलर, गमले, छत पर पड़े बेकार टायर, फ्रिज की ट्रे, पशु-पक्षियों के पानी के बर्तन सहित सभी पानी के स्रोतों को खाली कर रगड़कर साफ करना बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार के बुखार को नजरअंदाज न करें, क्योंकि समय पर जांच न कराने से मलेरिया गंभीर रूप ले सकता है। नागरिक अस्पताल में मलेरिया की जांच और उपचार की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि हर रविवार ड्राई डे के रूप में मनाते हुए पानी के सभी स्रोतों को खाली कर उल्टा करके सुखाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार, राजेश सरदाना, पुष्कर दत्त, लाभ सिंह, धीरज कुमार, वरुण कुमार, केवल कृष्ण और अभिषेक आदि मौजूद रहे।

### राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों को मलेरिया से बचाव, स्वच्छता तथा स्वास्थ्य संबंधी दी जानकारी

रतिया। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मलेरिया से बचाव, स्वच्छता तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। हेल्थ इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मलेरिया से बचाव के लिए अपने आसपास साफ-सफाई रखना, पानी जमा न होने देना तथा मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि रात के समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, खिड़की-दरवाजों पर जाली लगवाएं तथा समय-समय पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करवाएं। स्कूल प्रिंसिपल नंदकिशोर ने विद्यार्थियों से स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी जागरूक होकर सफाई रखें तो मलेरिया जैसी बीमारियों को आसानी से रोका जा सकता है। प्राध्यापक मनोज कुमार ने भी विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

### मलेरिया के प्रति जागरूक रहें : डॉ. सतीश बंसल

फतेहाबाद। राष्ट्रीय मलेरिया दिवस के अवसर पर श्री बालाजी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश बंसल ने नागरिकों को सतर्क करते हुए कहा कि मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक रहें और इसके बचाव के उपाय अपनाएं। मलेरिया एक संक्रामक रोग है, जो संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। इसके प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, ठंड लगना, पसीना आना, सिरदर्द, उल्टी तथा शरीर में कमजोरी शामिल हैं। समय पर इलाज न मिलने पर यह बीमारी बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा भी हो सकती है। इससे बचाव के लिए अपने घर और आसपास पानी जमा न होने दें, मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरी बांह के कपड़े पहनें तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बुखार होने पर तुरंत नजदीकी चिकित्सक से परामर्श लें। एक जागरूक समाज ही स्वस्थ समाज का निर्माण करता है। आइए, मिलकर मलेरिया मुक्त भारत की दिशा में कदम बढ़ाएं।


फतेहाबाद। विद्यार्थियों को मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूक करते हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

फतेहाबाद। सिविल सर्जन डॉ. बुधराम की अध्यक्षता में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में जागरूकता अभियान चलाया गया। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. हनुमान सिंह के नेतृत्व में विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया के प्रति प्रश्नोत्तरी, ध्वनि प्रसारण एवं व्याख्यान के माध्यम से जागरूक किया गया। विद्यार्थियों द्वारा रैली निकालकर भी आमजन को जागरूक किया गया। डॉ. हनुमान सिंह ने बताया कि मलेरिया एक गंभीर रोग है तथा बुखार होने पर तुरंत जांच कराना व पूर्ण उपचार लेना आवश्यक है। उप सिविल सर्जन डॉ. नीरज खटक ने बताया कि जिले में मलेरिया के मामलों में कमी आई है तथा यह रोग मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अप्रैल से अक्टूबर तक तीव्र ज्वर सर्वेक्षण एवं स्रोत नियंत्रण गतिविधियां चलाई जा रही हैं। साथ ही जलभराव रोकने, नियमित सफाई रखने तथा मच्छरदानी के उपयोग की अपील की गई है।

### विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यशाला

ओढ़ां। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में शनिवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता नरेश कुमार ग्रोवर ने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस प्रतिवर्ष 25 अप्रेल को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 2007 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य मलेरिया की रोकथाम और इसके प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि मलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाली एक खतरनाक बीमारी है, जो मुख्यतः गंदगी और जमा पानी के कारण फैलती है। इसलिए हमें हमेशा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कभी भी खुले में गंदगी न फैलाएं और कहीं भी पानी इक_ा न होने दें, क्योंकि यही मच्छरों के पनपने का मुख्य कारण है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को बार-बार तेज बुखार आना, ठंड लगना, पसीना आना, सिरदर्द, शरीर में दर्द या कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई दें, तो यह मलेरिया के संकेत हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेकर उचित दवाई लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया से बचाव के लिए पूरी बाजू के कपड़े पहनना, मच्छरदानी का प्रयोग करना और घर के आसपास साफ-सफाई बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।



### विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां

सिरसा। राजेंद्रा इंस्टिट्यूट में दो दिवसीय वार्षिक समारोह 'अमलगम-2026' बड़े ही उत्साह, उमंग और रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन पोस्टर, रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता (नर्सिंग) में अनीशा और गायत्री ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि चरणदीप और रवि ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता (फार्मेसी) में तमन्ना और वंदना ने प्रथम स्थान तथा दीपेश और हर्षिता ने द्वितीय स्थान हासिल किया। क्विज प्रतियोगिता में पिल्स एंड पल्स टीम (चरणदीप, नवजोत, अनीशा, वंश और नीलम) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि वेलनेस वॉरियर्स टीम (रवि, विजयलक्ष्मी, गगनदीप , देवांशु और वंदना) द्वितीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता (नर्सिंग) में अंजना और दीक्षा ने प्रथम तथा अरमान और कुमकुम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता (फार्मेसी) में हरीश और संगम ने प्रथम स्थान तथा परम और निशा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दूसरे दिन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि डॉ. रक्षित अग्रवाल, सोसायटी सदस्य पवन बागला एवं देवेंद्र बंसल शामिल हुए जिनका संस्थान के चेयरमैन एन.के. गुप्ता, सचिव पुलकित गुप्ता, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. संजीव कालरा तथा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या कुलविंदर कौर ने भव्य अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हरियाणवी, पंजाबी, राजस्थानी लोक नृत्य, महिला सशक्तिकरण पर आधारित कोरियोग्राफी, कॉलेज लाइफ थीम प्रस्तुति, रेट्रो पैरोडी, फंकी डांस, गिद्धा, लुड्डी तथा देशभक्ति पर आधारित कोरियोग्राफी प्रस्तुत की। फार्मेसी और नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भांगड़ा ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया।

**प्रतिनिधिमंडल ने सांसद सुभाष बराला को ज्ञापन सौंपा, कल से की जाएगी भूख हड़ताल**

# दमकल कर्मचारियों ने शहीदों के लिए न्याय मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा अग्निशमन विभाग और नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलनरत दमकल कर्मचारियों ने अब केंद्र और राज्य सरकार के बड़े नेताओं के माध्यम से दबाव बनाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में, जिला प्रधान रघुबीर सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यसभा सांसद सुभाष बराला से मिला और उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद बराला को अवगत कराया कि दमकल कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा करते हैं, लेकिन सरकार की नीतियों में उनके प्रति भेदभाव स्पष्ट झलकता है। इस अवसर पर फतेहाबाद इकाई प्रधान विनोद खिचड़, राज्य कमेटी सदस्य सतबीर सहारण, सुभाष भूना, ओमप्रकाश भूना, राजेन्द्र नैन जाखल और दिवान माचरा सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। सांसद ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे उनकी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से बातचीत करेंगे।


फतेहाबाद। सांसद सुभाष बराला को ज्ञापन सौंपते दमकल कर्मचारी।

ज्ञापन में कर्मचारियों ने मुख्य रूप से 16 फरवरी 2026 को फरीदाबाद की एक स्टील कंपनी में हुए अग्निकांड का मुद्दा उठाया। इस दुखद घटना में दो दमकल कर्मी, भवी चंद शर्मा और रणवीर सिंह, कर्तव्य पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। यूनियन का आरोप है कि सरकार इस मामले में दोहरा मापदंड अपना रही है। इसी घटना में शहीद हुए एक पुलिसकर्मी को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी दी गई। इसके विपरीत, शहीद दमकल कर्मियों के परिवारों को केवल 30 लाख रुपये की घोषणा की गई। कर्मचारियों की मांग है कि इन जांबाज दमकल कर्मियों को आधिकारिक तौर पर शहीद का दर्जा दिया जाए और पुलिस की तर्ज पर ही 1 करोड़ रुपये की सहायता व परिवार के एक सदस्य को स्थायी सरकारी नौकरी दी जाए। कर्मचारियों ने विभाग की कार्यप्रणाली और सुविधाओं को लेकर भी कई मांगें रखी हैं। वर्षों से कार्यरत कच्चे दमकल कर्मचारियों को न्यायालय के आदेशानुसार तुरंत पक्का किया जाए और फायर ऑपरेटर के पदों पर समायोजित कर समान वेतन दिया जाए। कर्मचारी संघ ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि उनकी जायज मांगों को अनसुना किया गया, तो आंदोलन और भी उग्र होगा। रणनीति के अनुसार, 27 अप्रैल से प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर दमकल केंद्रों पर क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की जाएगी।

### सिरसा : फायर कर्मियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

सिरसा। फरीदाबाद में हुई दो फायर कर्मियों भवी चंद शर्मा और रणवीर सिंह की मौत के मामले में आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग को लेकर संघर्षरत कर्मचारियों ने आंदोलन के 18वें दिन विधायक गोकुल सेतिया को ज्ञापन सौंपा। विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे उनकी मांग को उच्च स्तर पर उठाएंगे। ज्ञापन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान राजेश खिचड़ ने की। प्रधान ने बताया कि 17 दिन बीत जाने के बाद भी सरकार व विभाग की ओर से उनकी मुख्य मांग को लेकर कोई स्पष्ट जवाब नहीं आया है, जिससे उनकी मंशा का साफ पता चल रहा है। अब कर्मचारियों द्वारा जन प्रतिनिधियों से इस मामले में सहयोग की अपील करते हुए ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर जनप्रतिनिधियों से कोई सहयोग नहीं बना तो सांसदों से सहयोग मांगा जाएगा, ताकि मृतक कर्मचारियों के परिवारजनों को राहत पहुंचाई जा सके। संघर्ष की आगामी कड़ी में आगामी 27-28 अप्रेल को क्रमिक भूख हड़ताल और एक और दो मई को दो दिवसीय राज्य स्तरीय हड़ताल की जाएगी। इस मौके पर सुखदेव सिंह, रमेश सैनी, ऋषि सिहाग, सुखराम, अनिल, सजन जांदू, संदीप ज्यानी, सतबीर, राकेश यादव, रामनिवास मुंडाल, बूटर बादशाह, डबवाली से विजय गोदारा, देव कुमार, राकेश गोरीवाला, एसकेएस से गगन दीप सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।


सिरसा। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए फायर कर्मचारी।




### एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विशाल कैंपस इंटरव्यू 27 को

फतेहाबाद। एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्लेसमेंट सेल द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए एक बड़े अवसर की घोषणा की गई है। कॉलेज परिसर में आगामी 27 अप्रैल को एक विशाल कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें फतेहाबाद जिले के कई प्रतिष्ठित और नामी विद्यालय शिक्षक भर्ती हेतु योग्य उम्मीदवारों का चयन करने के लिए शिरकत करेंगे। कॉलेज प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस साक्षात्कार सत्र का मुख्य उद्देश्य वर्तमान सत्र के विद्यार्थियों के साथ-साथ कॉलेज के पूर्व छात्रों को बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करना है। यह उन सभी पुराने विद्यार्थियों के लिए एक उत्कृष्ट मंच है, जो वर्तमान में किसी अच्छे शिक्षण संस्थान में करियर के बेहतर अवसर या अनुभव की तलाश में हैं। इस कैंपस ड्राइव के माध्यम से चयनित उम्मीदवारों को फतेहाबाद के अग्रणी निजी स्कूलों में अपनी सेवाएं देने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार 27 अप्रैल सोमवार को प्रातः 11 बजे से कॉलेज परिसर में शुरू होगा। प्लेसमेंट सेल ने उम्मीदवारों के लिए विशेष निर्देश जारी करते हुए कहा है कि साक्षात्कार में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थी अपने साथ बायोडाटा और अपने सभी मूल शैक्षणिक दस्तावेजों की प्रतियां अनिवार्य रूप से लेकर आएं।



### विद्यार्थियों को दी डेटा साइंस की जानकारी

सिरसा। चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा डेटा साइंस विषय पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला शनिवार को संपन्न हो गई। इस कार्यशाला में सिरसा एवं फतेहाबाद के 9 विभिन्न महाविद्यालयों से आए 132 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन डेटा साइंटिस्ट जगजीत कुमार ने प्रतिभागियों को डेटा साइंस के मूल सिद्धांतों, इसके विविध अनुप्रयोगों तथा आईटी इंडस्ट्री में उपलब्ध करियर संभावनाओं से अवगत कराया। उन्होंने सांख्यिकी एवं एमएस-एक्सेल के उपयोग के साथ-साथ रिग्रेशन, क्लासिफिकेशन, सुपरवाइज्ड लर्निंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, क्लस्टरिंग तथा टाइम-सीरीज एनालिसिस जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया।

# एनडीआरएफ ने चलाया कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम

- जनस्वास्थ्य विभाग के जलघर में बोट चलाने की दी ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल यानि एनडीआरएफ की टीम द्वारा शनिवार को सिरसा में कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। एनडीआरएफ बठिंडा की टीम के सदस्यों ने हुडा चौक के निकट पब्लिक हेल्थ के जलघर में इसका प्रशिक्षण दिया गया।




एनडीआरएफ प्राकृतिक आपदा अथवा दुर्घटनाओं की स्थिति में बचाव कार्य करती है। जानकारी के अनुसार एनडीआरएफ में 16 बटालियन है। जिन्हें आपदा के समय बुलाया जाता है। इस टीम द्वारा आपदा के समय जीवन बचाने पर मुख्य फोकस किया जाता है। इसके अलावा राहत पहुंचाना और पुर्ननिर्माण में भी यह सहयोग करती है। अमूमन एनडीआरएफ को भूकंप, बाढ़, चक्रवात जैसी आपदाओं के समय मदद के लिए सबसे पहले पहुंचती है। इसी कड़ी में एनडीआरएफ द्वारा आमजन को प्राकृतिक आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियों बारे विस्तार से बताया गया। टीम द्वारा बताया गया कि किस प्रकार आम आदमी इसमें सहयोग कर सकता है। एनडीआरएफ की टीम द्वारा मोटरबोट के इस्तेमाल बारे जलघर में बोट चलाकर बताया गया।

### रिटायर्ड कर्मचारी मांगों को लेकर 12 मई को डीसी कार्यालय पर करेंगे प्रदर्शन

फतेहाबाद।ऑल हरियाणा कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन ने रिटायर्ड कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में एसोसिएशन द्वारा आगामी 12 मई को फतेहाबाद में डीसी कार्यालय पर विशाल रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन की सफलता को लेकर एसोसिएशन ने जिलेभर में व्यापक जनसम्पर्क अभियान शुरू कर दिया है, ताकि अधिक से अधिक संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एकजुट किया जा सके। एसोसिएशन के जिला प्रधान मुंशीराम कम्बोज और महासचिव सुभाष चन्द्र चौहान ने प्रदर्शन की तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिले के कोने-कोने से रिटायर्ड कर्मचारी इस रोष प्रदर्शन में हिस्सा लेने फतेहाबाद पहुंचेंगे। कर्मचारी नेताओं ने स्पष्ट किया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों को 18 महीने का कोरोना काल का बकाया एरियर जल्द देने की जो बात कही जा रही है, वह महज एक अफवाह है। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है, जबकि धरातल पर अब तक बकाया एरियर को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



### भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने भूना अनाजमंडी का किया निरीक्षण

भूना। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने आज भूना क्षेत्र के दौरे के दौरान भूना की अनाज मंडी का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों के साथ लिफ्टिंग के कार्यों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि लिफ्टिंग के काम में तेजी लाई जाए। मंडी में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाए, ताकि किसान भाईयों व व्यापारियों को कोई परेशानी ना हो। इस दौरान उन्होंने किसानों व मंडी व्यापारियों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जो भी नीति या कानून बनाती है, जनता के हितों को ध्यान में रखकर ही बनाती है। मंडियों में फसल खरीद की नई नीति बनाकर भाजपा सरकार ने किसानों व व्यापारियों भाईयों को उनके संभावित नुक्सान से बचाया है। इस अवसर पर उनके साथ भूना के वरिष्ठ नेता ज्ञानचंद परुथी व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मोलूराम रुलाहनिया भी मौजूद रहे। प्रवीण जोड़ा वरिष्ठ नेता गुलशन हंस व मार्केट कमेटी के वाईस चेयमैन कैलाश बंसल के प्रतिष्ठान पर भी पहुंचे। यहां जलपान ग्रहण करते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा भूना के विकास के बारे में भी विचार विमर्श हुआ।

**कार्यक्रम** 'पशु चिकित्सक : भोजन और स्वास्थ्य के संरक्षक' रहा थीम

# विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर पशुओं के स्वास्थ्य एवं संरक्षण के प्रति किया लोगों को जागरूक

- पशुओं के स्वास्थ्य एवं आहार की गहन जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर पशुओं के स्वास्थ्य एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह दिवस प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह के अंतिम शनिवार को मनाया जाता है। वर्ष 2026 की थीम 'पशु चिकित्सक : भोजन और स्वास्थ्य के संरक्षक' के अनुरूप जिले में व्यापक स्तर पर गतिविधियां आयोजित की गई।


फतेहाबाद। गोशाला में पशुओं को परजीवी रहित हेतु स्प्रे का निरीक्षण करते हुए पशुपालन विभाग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

उपनिदेशक पशुपालन डॉ. सुखविंदर के मार्गदर्शन में विभिन्न पशु अस्पतालों में पशु स्वास्थ्य शिविर, एंटी रेबीज टीकाकरण तथा गोशालाओं में स्वास्थ्य जांच अभियान चलाए गए।

### पशुओं को परजीवी मुक्त करने के लिए स्प्रे

इस दौरान पशुपालकों को पशुओं के समुचित रख-रखाव, संतुलित आहार एवं रोगों की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया गया। उप मंडल अधिकारी पशुपालन डॉ. सुरेंद्र ने बताया कि पशु चिकित्सकों की भूमिका खेत से लेकर थाली तक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दूध एवं अन्य पशु उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में पशु चिकित्सकों का विशेष योगदान रहता है। इसी क्रम में पशु अस्पताल शेखुपुर दड़ौली के अंतर्गत श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला में डॉ. रामनिवास बिश्नोई के नेतृत्व में पशुओं के स्वास्थ्य एवं आहार की गहन जांच की गई। साथ ही गोशाला समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पशुओं को परजीवी मुक्त करने हेतु स्प्रे का छिड़काव किया गया तथा लंगा बुखार से बचाव के लिए टीकाकरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को पशुओं के स्वच्छ भोजन एवं स्वास्थ्य देखभाल के प्रति शपथ दिलाई गई। डॉ. बिश्नोई ने कहा कि पशु चिकित्सक मानव स्वास्थ्य सुरक्षा की प्रथम कड़ी हैं, क्योंकि मनुष्यों का स्वास्थ्य पशुओं के स्वास्थ्य से सीधे जुड़ा हुआ है।



### फतेहाबाद पुलिस लाइन में लगाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

फतेहाबाद। पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य कल्याण को ध्यान में रखते हुए शनिवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में निशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस शिविर में पुलिसकर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों ने भारी उत्साह दिखाया और अपनी आंखों की जांच करवाई। शिविर के दौरान डीएसपी नर सिंह ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने डॉ. आंचल जलवा और उनकी मेडिकल टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डीएसपी ने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात धूल, मिट्टी और प्रदूषण के बीच फील्ड में ड्यूटी करते हैं, जिससे उनकी आंखों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में समय-समय पर इस तरह के जांच शिविर उनके लिए संजीवनी का काम करते हैं। प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आंचल जलवा और उनकी टीम ने अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से जांच की। शिविर में मुख्य रूप से मोतियाबिंद और काला मोतिया की जांच एवं परामर्श, दृष्टि दोष की पहचान और चश्मे के नंबर की सटीक जांच तथा आंखों के संक्रमण (कंजंक्टिवाइटिस) की जांच की गई।

## खबर संक्षेप

### निकाय चुनाव में भाजपा को मिल रहा समर्थनः सिंह

**सिरसा।** भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने कहा कि विभिन्न नगर निगम एवं नगर निकाय चुनावों में भाजपा को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि प्रदेश की जनता पार्टी की नीतियों, विकास कार्यों और सुशासन पर पूर्ण विश्वास जता रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले वर्षों में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी प्रशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं। शहरी क्षेत्रों में मजबूत आधारभूत ढांचा, स्वच्छता, डिजिटल सेवाओं का विस्तार, पेयजल एवं सीवरेज व्यवस्था में सुधार जैसे प्रयासों ने नगर निकायों की तस्वीर को बदल दिया है।

### विद्यार्थियों को दी प्राथमिक उपचार की जानकारी

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा एनीमिया की रोकथाम और फर्स्ट एड संबंधी जानकारी देने के लिए एक कैंप का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य मदन मलिक ने की। डॉ. अस्मिता अरोड़ा ने बताया कि एनीमिया जो खून की कमी है, शरीर में विकार लाती है। विभिन्न रोग मनुष्य को घेर लेते हैं, इसके लिए सुबह की सैर, योग, खान-पान पर्याप्त नींद ,आराम, साग सब्जियां और फल के बारे में विस्तार समझाया। डॉ. अंजी खुराना ने बताया कि मनुष्य के चोट लगने के बाद वअंगुली कट जाने पर किस प्रकार का उपचार किया जाए।

# बदहाली की कगार पर मिड-डे मील योजना, 3 महीने से न राशन, न बजट

**संघ का आरोप : गुमराह कर रही है अधिकारी, कोई पत्र नहीं जारी, विभाग व्यवस्था का बना रहा मजाक**

**डीईओ बोले, स्कूलो से बजट को लेकर काई डिमांड नहीं, जो आई थी, उसे किया पूरा**

**शिक्षा विभाग की कथित लापरवाही के चलते दम तोड़ रही मिड डे मिल योजना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मिड-डे मील योजना जिला फतेहाबाद में शिक्षा विभाग की कथित लापरवाही के चलते दम तोड़ती नजर आ रही है। जिले के सरकारी स्कूलों में पिछले तीन महीनों से न तो राशन की सप्लाई हुई है और न ही भोजन पकाने के लिए बजट जारी किया गया है। हालात यह है कि शिक्षक अपनी जेब से पैसा खर्च कर बच्चों का पेट भरने को मजबूर हैं। अधिकारी स्कूलों को स्वयं राशन खरीदने की बात कर रहे हैं लेकिन अध्यापकों का कहना है कि उन्हें इस बारे कोई पत्र नहीं मिला है। ऐसे में सबसे ज्यादा परेशानी शिक्षकों के साथ-साथ भीषण गर्मी में स्कूल आने वाले बच्चों को भी उठानी पड़ रही है।



फतेहाबाद। स्कूल में मिड डे मील का भोजन करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

शिक्षक संघ के जिला संरक्षक सुरेन्द्र नैन और जिला प्रधान योगेन्द्र वर्मा ने बताया कि विभाग की कार्यप्रणाली के कारण शिक्षक भारी मानसिक और आर्थिक दबाव में हैं। उन्होंने बताया कि दिसंबर माह से अब तक स्कूलों को कुकिंग कॉस्ट भोजन पकाने की राशि प्राप्त नहीं हुई है। हालात इतने खराब हैं कि शिक्षकों को अपनी जेब से पैसा खर्च कर राशन खरीदना पड़ रहा है ताकि बच्चों को भूखा न रहना पड़े।

**शिक्षक अपनी जेब से बच्चों का पेट भरने पर को मजबूर, विभाग की कार्यप्रणाली के कारण आर्थिक व मानसिक रूप से हो रहे परेशान**

### सिलेंडरों की किल्लत ने समस्या को बढ़ाया

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि विभाग कभी हरहित स्टोर तो कभी हरियाणा एग्रो से राशन लेने के निर्देश देकर केवल गुमराह कर रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि अभी तक किसी भी माध्यम से राशन नहीं पहुंचा है। गैस सिलेंडरों की किल्लत ने समस्या को और बढ़ा दिया है। जब इस बारे में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से बात की गई, तो उन्होंने बजट की कमी से इनकार करते हुए स्कूलों को अपने स्तर पर व्यवस्था करने या लकड़ी पर खाना बनाने जैसे सुझाव दिए लेकिन कोई पत्र जारी नहीं किया गया। संघ के जिला महासचिव अनूप गोरा का कहना है कि शिक्षक असमंजस में हैं। अपनी जेब से राशन खरीदकर कब तक बच्चों को भोजन खिलाया जा सकता है, विभाग इस पूरी व्यवस्था का मजाक बना रहा है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य चेयरमैन देवेंद्र दहिया ने विभाग को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि एक सप्ताह के भीतर राशन की आपूर्ति और बकाया बजट जारी नहीं किया गया, तो स्कूलों में मिड-डे मील बनाना बंद कर दिया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### जल्द स्कूलों में पहुंच जाएगा राशन : डीईईओ

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अनिता बाई ने इस मामले में अपना पक्ष रखा है। उन्होंने शिक्षकों के दावों के उलट स्थिति को सामान्य बताया और कहा कि मिड डे मील बजट की कोई कमी नहीं है। उनके पास स्कूलों से बजट को लेकर कोई डिमांड नहीं है। जो डिमांड आई थी, उसे पूरा कर दिया गया है। स्कूलों में राशन न पहुंचने पर उन्होंने कहा कि सरकार ने राशन को लेकर कई फर्मों से एमओयू कर रखा है, विभाग द्वारा कई बार राशन को लेकर पत्र लिखा जा चुका है। जल्द ही सभी स्कूलों में राशन पहुंच जाएगा। स्कूलों को कहा गया है कि जब तक राशन नहीं पहुंचता तब तक वह अपने स्तर पर राशन खरीदकर मिड डे मील बनवाएं। गैस सिलैंण्डरों की कमी पर उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह स्कूलों को प्राथमिकता के आधार पर सिलैंडर मुहैया करवाए। इसके अलावा स्कूलों को एमरजेंसी में लकड़ी का प्रबंध करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# नए फसल बिक्री कूननों ने बढ़ाई किसानों की परेशानी : डॉ. केवी



डबवाली। गांव चौटाला अनाज मंडी का दौरा करते डॉ. केवी सिंह। फोटो : हरिभूमि

- महिला आरक्षण पर ड्रामेबाजी कर रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह ने गांव जांडवाला बिश्नोईयां तथा चौटाला की अनाज मंडी का दौरा कर जायजा लिया। डॉ. केवी सिंह ने कहा कि सरकार महिला आरक्षण की आड़ में जिस प्रकार से परिसीमन को लाना चाहती थी, उसको लोकसभा में विपक्षी एकता ने फेल कर दिया है, लेकिन मौजूदा हरियाणा सरकार इस विषय पर विशेष सेशन बुलाकर ड्रामेबाजी कर रही है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण मुद्दे पर ड्रामेबाजी की जगह सरकार को किसानों की सुध लेनी चाहिए जो मंडियों में बेहाल है, कहीं पर खरीद नहीं हो रही तो कहीं तुलाई और कहीं भुगतान तक नहीं किया जा रहा। डॉ. केवी सिंह ने कहा कि जब मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर सब कुछ अंकित है तो उसके बाद बायोमेट्रिक तथा वाहन पंजीकरण करने की क्या आवश्यकता है? इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसानों को दस दिन से ज्यादा दिन फसल बेचे हो हो गए हैं लेकिन अभी तक भुक्तान नहीं किया गया।

### ये रखी मांगें

डॉ. केवी सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा बुलाए गए विशेष सत्र में वो कांग्रेस विधायकों से अनुरोध करते हैं कि वो मंडियों में किसानों को आ रही समस्या जैसे बायोमेट्रिक, वाहन पंजीकरण, जिओ फेंसिंग, उठान, तुलाई और भुगतान जैसी समस्याओं को प्रमुखता से रखें और सरकार को इसके सरलीकरण के लिए बाध्य करें, नहीं तो आगामी धान और नरमें की फसल के समय यह समस्याएं और भी जटिल हो जाएंगी। डॉ. केवी सिंह ने सरकार को आगाह करते हुए कहा कि किसानों को आगामी नरमें और धान की बिजाई के लिए फिर से खाद के लिए लाइनों में न लगना पड़े इसके लिए पहले ही पर्याप्त खाद के विशेष प्रबंध किए जाएं। डॉ. केवी सिंह ने भुक्तान और उठान को लेकर डीएम हैफड तथा एफसीआई के अधिकारियों से संपर्क साध उचित समाधान की मांग भी रखी।

# जैन स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान की जमकर मस्ती

- नन्हे-मुन्नों ने तारा बाबा कुटिया का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सेठ सागरमल सुराणा जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों ने शनिवार को तारा बाबा कुटिया में शैक्षणिक भ्रमण किया। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा तारा का आशीर्वाद के साथ हुई। इसके पश्चात बच्चों ने कुटिया में स्थित गुफा का भ्रमण किया। पार्क में खिले रंग-बिरंगे फूलों और उड़ती तितलियों को देखकर बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए। भ्रमण के दौरान बच्चों ने अपने साथियों के साथ सैंडविच, चॉकलेट, टॉफी और फ्रूटी का आनंद लिया। प्रधानाचार्या रेणु बाला ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को आनंददायक वातावरण में सीखने के अवसर प्रदान करना है। प्राइमरी इंचार्ज नीरज बाला के मार्गदर्शन में बच्चों की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। समिति अध्यक्ष मक्खन लाल गोयल, प्रबंधक हनुमान मल गुजरानी व ट्रस्टी देवेंद्र डागा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक रूप से सशक्त बनाते हैं।



शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मस्ती करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



सिरसा। विद्यार्थियों को किताबें वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित की स्टेशनरी

**सिरसा।** बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट द्वारा शहर के वार्ड नंबर 25 में स्थित सरकारी स्कूल में भगवान परशुराम के जन्म पखवाड़े पर जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि पंजाब नैशनल बैंक के मैनेजर भूपेंद्र त्रिपुरे ने कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद करके बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट के सदस्य बाबा जी की जनकल्याण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं, जिसके लिए प्रधान रविंद्र सैनी सहित समस्त ट्रस्ट सदस्यगण बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और सत्य के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देते हैं। यही नहीं भगवान परशुराम अतुलनीय पराक्रम और विवेक के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का आशीर्वाद सभी के जीवन को सुख, शांति और समृद्धि से आलोकित करे। ट्रस्ट के प्रधान रविंद्र सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जरूरतमंद व गरीब विद्यार्थियों के लिए अनेक योजना चला रहे हैं।

# पायनियर स्कूल के दो विद्यार्थियों सुजल व जीविका का इंस्पायर-मानक में चयन

- विज्ञान मॉडल तैयार करने हेतू दिए जाएगे 10 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पायनियर कॉन्वेंट स्कूल के दो मेधावी विद्यार्थियों का चयन इंस्पायर-मानक योजना के अंतर्गत हुआ है। विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र सुजल तथा कक्षा 9 की छात्रा जीविका का चयन वर्ष 2025-26 के लिए किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को विज्ञान मॉडल तैयार करने हेतु 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।



फतेहाबाद। सुजल व जीविका।

इसके साथ ही ये विद्यार्थी जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह योजना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा राष्ट्रीय नवाचार प्रतिष्ठान, भारत के संयुक्त तत्वावधान में संचालित की जाती है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना है। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, लगन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का परिणाम है। प्रबंध निदेशक विजय निर्मोही, निशांत निर्मोही, प्राचार्या गीतिका मेहता, उप-प्राचार्या तनु भाटिया तथा मैत्री निर्मोही ने विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं स्टाफ को बधाई दी। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई एवं जिला विज्ञान समन्वयक मुकेश को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई व धन्यवाद प्रेषित किया।

# शिविर में 161 लोगों ने किया स्वेच्छा से रक्तदान



सिरसा। शिविर में रक्तदान करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

- बाबा गुरबचन के दिखाए मार्गों को व्यवहार में लाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

निरंकारी मिशन ने बाबा गुरबचन सिंह की दिव्य स्मृति को मानव एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर निरंकारी सत्संग भवनों पर सत्संग और रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इस कड़ी में ब्रांच सिरसा के संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें सिविल अस्पताल के चिकित्सक एवं रेडक्रॉस की टीम ने रक्तदाताओं की समुचित स्वास्थ्य जांच के उपरांत सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से रक्तदान की प्रक्रिया संपन्न कराई, जिसमें 161 यूनिट रक्त संकलित किया गया। इंचार्ज विनोद खन्ना ने बताया कि केवल एक दिन बाबा गुरबचन सिंह को याद कर लेना काफी नहीं है। उन्होंने जो जीवन मानव मात्र को जीकर दिखलाया उन कर्मों को अपने व्यवहार में लाना होगा। इस समागम में जिला सिरसा व फतेहाबाद से हजारों की साधसंगत ने भाग लिया। क्षेत्रीय संचालक सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सेवादल ने सारी सेवाओं को बखूबी निभाया। मंडल के सचिव जोगिंद्र सुखीजा ने बताया कि समूचे भारतवर्ष के लगभग 200 स्थानों पर रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया गया, जिससे लगभग 40 हजार यूनिट रक्त संकलित किया गया।

# क्रेसंट स्कूल में विश्व मलेरिया दिवस पर प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को किया जागरूक

- व्याख्यान व नारों से विद्यालय में दिया स्वच्छता व जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम थीम के साथ विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में ज्ञानवर्धक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना एवं स्वच्छता के महत्व को समझाना था। ख्याति, जीविका व अवनीत के मंच संचालन में सुखमनदीप दीप ने अपने सुविचार के माध्यम से बताया कि मलेरिया से बचाव के लिए सावधानी एवं जागरूकता सबसे बड़ा उपाय है। युवराज सिंह व कृतिका ने अपने प्रभावशाली व्याख्यान के माध्यम से मलेरिया के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों का वर्णन किया। वैभव, सहज व मंयक ने अपने जोशीले नारों के द्वारा स्वच्छता एवं जागरूकता का संदेश पूरे विद्यालय में प्रसारित किया। ऋषभ व अनुदीप द्वारा आयोजित विश्व मलेरिया दिवस से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी ने विद्यार्थियों की जानकारी में वृद्धि की। छात्र अक्षर ने मलेरिया दिवस से संबंधित स्पेल चेक गतिविधि से कार्यक्रम को रोचक बनाया।




फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# ग्रामीणों को मिलेगी गर्मी से राहत, पूरी रात बिजली का फैसला सराहनीयः खिलेरी

- 23 अप्रैल की आधी रात से पूरे प्रदेश में प्रभावी हुआ नया नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष खिलेरी ने हरियाणा सरकार और बिजली वितरण निगम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति के नए शेड्यूल का स्वागत किया है। उन्होंने इसे प्रदेश के किसानों और ग्रामीणों के हित में एक ऐतिहासिक और राहतकारी कदम बताते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और बिजली मंत्री अनिल विज का आभार व्यक्त किया है। सुभाष खिलेरी ने कहा कि बढ़ती गर्मी और उमस के बीच ग्रामीणों के लिए यह खबर किसी बड़ी सौगात से कम नहीं है। सरकार ने निर्णय लिया है कि अब गांवों में 'पूरी रात' निर्बाध बिजली की सप्लाई दी जाएगी, ताकि लोग चैन की नींद सो सकें। उन्होंने बताया कि यह नया शेड्यूल 23 अप्रैल की आधी रात से पूरे प्रदेश में प्रभावी हो गया है। उन्होंने बताया कि शाम होते ही बिजली की आपूर्ति शुरू हो जाएगी जो बिना रुके अगली सुबह तक जारी रहेगी। हिसार जोन जिसमें फतेहाबाद क्षेत्र भी शामिल है, में शाम 7 बजे से सुबह 6:30 बजे तक लगातार साढे 11 घंटे बिजली मिलेगी। गर्मी के पीक समय यानी दोपहर 12 बजे से शाम 4:30 बजे तक भी बिजली उपलब्ध रहेगी, ताकि लोगों को लू और तपिश से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि रात को कट नहीं लगने से बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों की सेहत पर बुरा असर नहीं पड़ेगा।



सुभाष खिलेरी।

## नशा तस्करों के खिलाफ भवानी सिंह ने कसी कमर

# देश के भीतर दुश्मनों से लड़ेगी नशामुक्ति सेना: सिंह

**अशोक अलीका, शर्मचिंद लाली, गुरचरण खोखर रतिया, जोगिन्द्र सिंह बने जिला उपाध्यक्ष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में नशे के खिलाफ जारी जंग अब एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। पिछले सवा साल से युवाओं को नशे की गर्त से निकालने और तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाने में जुटे महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान भवानी सिंह ने अब 'नशामुक्ति सेना' के गठन की घोषणा कर दी है। फतेहाबाद से शुरू हुई यह मुहिम जल्द ही पूरे हरियाणा और फिर देश भर में विस्तार करेगी। पत्रकारों से बातचीत के दौरान भवानी सिंह ने एक कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सेना के जवान सीमाओं पर बाहरी दुश्मनों से रक्षा करते हैं, उसी प्रकार नशामुक्ति सेना देश के भीतर छिपे उन दुश्मनों से लड़ेगी जो जहर बेचकर युवाओं को मौत के मुंह में धकेल रहे हैं।



फतेहाबाद। नशामुक्ति सेना की जिला कार्यकारिणी घोषित करते भवानी सिंह।

### राज राजेश्वरी प्रभारी एवं मोहन गढ़वाले बने जिलाध्यक्ष

इस अवसर पर फतेहाबाद जिला कार्यकारिणी की भी विधिवत घोषणा की गई, जिसमें स्थानीय युवाओं और समाजसेवियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं ताकि जमीनी स्तर पर इस अभियान को गति दी जा सके। इसमें राज राजेश्वरी देवी को जहां जिला प्रभारी बनाया गया है वहीं मोहन गढ़वाल सरपंच अकांवाली को जिलाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इसके अलावा अशोक अलीका, शर्माचंद लाली, गुरचरण खोखर रतिया, जोगिन्द्र सिंह सरपंच कुकड़ांवाली, रवि भाकर, मास्टर चन्द्रभान वधवा को जिला उपाध्यक्ष, महेन्द्र मास्ट व नैब सिंह मंडेर रतिया को जिला महामंत्री, कर्ण सिंह सरपंच हिजरावां कलां, सोनी सरपंच खुनन, राम सिंह पूनियां अयाल्की, धर्मपाल चावला फतेहाबाद, कृष्ण पारचा फतेहाबाद को जिला सचिव, विकास कम्बोज सरपंच बरसीन, संजय वर्मा सरपंच दौलतपुर, सुखराज सिंह सरपंच बीराबदी, कुलदीप हिजरावां खुर्द को जिला सहसचिव, हरीश बंसल को कोषाध्यक्ष, रवि को मीडिया प्रभारी, नरेश बनगांव को लीगल एडवाइजर व राजेश राईका को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा संगीता प्रणामी जांगड़ा को जिला महिला प्रधान घोषित किया गया है।

### बास्केटबॉल स्पर्धा में 300 खिलाडियों ने लिया भाग

**सिरसा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं खेलो भारत, डबवाली द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डबवाली में स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम अभियान के अंतर्गत बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार सुनील कुमार थे। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सहमंत्री सुनील शास्त्री एवं खेलो भारत के प्रांत संयोजक देवांशु शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद थे। प्रतियोगिता में लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में बढ़ता स्क्रीन टाइम युवाओं के स्वास्थ्य और भविष्य के लिए चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे में स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम जैसे अभियान युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में साहिल स्वामी, सूर्यप्रकाश, मोहित बिश्नोई, खुशप्रीत, रचना, कल्पना, ऋतु, मुकेश, शिक्षा, सक्षम, जगमीत, विजय, रमेश, जितेंद्र, विशाल, प्रवीण, मनीष, साहिल, पायल, राहुल भांभू, आदि रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

